# भीलवाड़ा फोकस


भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890


वर्ष - 01 | अंक - 271 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - शुक्रवार, 03 अप्रैल ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4


## सत्ता से जुड़े आरोपियों का आतंक! पत्रकार पर हमला कर लूट, खुलेआम दी जान से मारने की धमकी

# घर तक पीछा कर लाठी-सरियों से हमला, नकदी व सोने की चेन लूटी









**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

बिजोलिया कस्बे में बुधवार रात लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर एक और बड़ा हमला सामने आया है। वरिष्ठ पत्रकार श्याम विजय पर अज्ञात बदमाशों ने सुनियोजित तरीके से जानलेवा हमला कर दिया। हमलावरों ने लाठी-सरियों से बेरहमी से वार कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया और नकदी व सोने की चेन लूटकर फरार हो गए। जाते-जाते बदमाशों ने खुलेआम जान से मारने की धमकी भी दी, जिससे पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया है।

### सुनियोजित तरीके से घर तक पीछा कर हमला

जानकारी के अनुसार घटना 1 अप्रैल रात करीब 9:10 बजे की है। श्याम विजय पंचायत चौक से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान एक बिना नंबर की हुंडई सफेद कार में सवार 3-4 बदमाश उनका पीछा करते हुए घर तक पहुंचे और बाहर घात लगाकर हमला कर दिया।

हमलावरों ने लाठी और सरियों से ताबड़तोड़ वार किए, जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आई। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी फरार हो गए। घटनास्थल से एक लाठी बरामद हुई है।

### लूटपाट के बाद दी खुली धमकी

हमले के दौरान बदमाशों ने उनकी जेब से करीब 11 हजार रुपए नकद और गले से लगभग 30 ग्राम सोने की चेन लूट ली। जाते समय हमलावरों ने खुद को क्षेत्र का 'किंग' बताते हुए कहा कि 'मौका मिलते ही खत्म कर देंगे ', साथ ही पुलिस और जनप्रतिनिधियों के संरक्षण का भी दावा किया।

### नामजद आरोपी, सत्ताधारियों से संबंध के आरोप

पीड़ित द्वारा दर्ज रिपोर्ट में दो आरोपियों की पहचान लक्ष्मी नारायण अहीर उर्फ कालू और योगेश अहीर के रूप में की गई है, जो आपस में सगे भाई बताए जा रहे हैं। इनके साथ दो अन्य अज्ञात युवक भी शामिल थे।

सूत्रों के अनुसार आरोपियों के सत्ताधारी जनप्रतिनिधियों से सीधे संबंध बताए जा रहे हैं। उनके सोशल मीडिया अकाउंट्स पर टोल नाकों पर बजरी से भरे वाहनों को एस्कॉर्ट करते हुए कई वीडियो भी सामने आए हैं, जिससे अवैध खनन और परिवहन गतिविधियों में उनकी संलिप्तता की आशंका और गहरा गई है।

### अवैध गतिविधियों में संलिप्तता, संरक्षण के आरोप

जानकारी में सामने आया है कि आरोपी क्षेत्र में अवैध बजरी खनन और अन्य गैरकानूनी गतिविधियों में सक्रिय हैं और उन्हें जनप्रतिनिधियों का संरक्षण प्राप्त है। ऐसे में यह भी अंदेशा जताया जा रहा है कि यह पूरा घटनाक्रम किसी प्रभावशाली नेता के इशारे पर अंजाम दिया गया हो सकता है।

### नगर पालिका कर्मचारी पर भी गंभीर सवाल

आरोपियों में से एक नगर पालिका में संविदा कार्मिक बताया जा रहा है, जो वर्षों से पहले पंचायत और अब नगर पालिका में कार्यरत है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह कार्मिक लंबे समय से क्षेत्र में लोगों को परेशान करता रहा है।

अतिक्रमण हटाओ अभियान और पॉलीथिन मुक्त अभियान के दौरान भी इसके खिलाफ बदसलूकी की कई शिकायतें सामने आ चुकी हैं, लेकिन प्रभावशाली पकड़ के चलते कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

बताया जा रहा है कि यह कार्मिक आम जनता के भूखंडों और निर्माण कार्यों की जानकारी रखता है और शिकायत करने वालों को उल्टा डराने-धमकाने का काम करता है। नगर पालिका के अन्य कर्मचारियों पर भी इसी तरह के आरोप लगे हैं कि वे समस्याएं लेकर आने वाले लोगों को नियमों का डर दिखाकर कार्रवाई की धमकी देते हैं।

### प्रशासनिक विफलता का उदाहरण बनी वार्ड सभाएं

स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर में बढ़ते भय और अविश्वास का ही परिणाम है कि मुख्यमंत्री विकसित शहर अभियान के तहत आयोजित तीन वार्ड सभाएं कम जनभागीदारी के कारण विफल हो गईं। लोग अब खुलकर सामने आने से भी डरने लगे हैं।

### कानून व्यवस्था पर उठे सवाल, जनता में आक्रोश

बीते कुछ समय से क्षेत्र में लूट, चोरी और मारपीट की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। लोगों का कहना है कि अपराधियों में पुलिस का भय समाप्त होता जा रहा है और कई मामलों में अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है। इस घटना के बाद पत्रकारों और नागरिकों में भारी आक्रोश है। उन्होंने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी, कड़ी कार्रवाई, पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और पीड़ित को सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की है।

### पुलिस जांच में जुटी

बिजोलिया थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हालांकि अभी तक प्रभावशाली पकड़ के चलते आरोपीयो की गिरफ़्तारी नहीं हुई है ।

## भीलवाड़ा में शुरू हुई अफीम खरीद, केन्द्रीय नारकोटिक्स विभाग ने लगाया अस्थाई तोल केन्द्र

### पहले दिन 192 किसानों से खरीदी गई अफीम, 22 अप्रैल तक चलेगा खरीद का अभियान

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

**मूलचन्द पेसवानी**

मेवाड़ के प्रमुख धार्मिक स्थल सिंगोली चारभुजा में गुरुवार से केन्द्रीय नारकोटिक्स विभाग द्वारा अफीम खरीद का कार्य विधिवत रूप से शुरू कर दिया गया। माहेश्वरी समाज की धर्मशाला में अस्थाई तोल केन्द्र स्थापित किया गया है, जहां पहले ही दिन बड़ी संख्या में अफीम उत्पादक किसान अपनी उपज लेकर पहुंचे और सुव्यवस्थित तरीके से तोल प्रक्रिया में शामिल हुए।

जिला अफीम अधिकारी एवं तोल केन्द्र प्रभारी सुशील कुमार वर्मा ने बताया कि पहले दिन निंबोदा, हमेरगंज, बड़ोदिया, गुर्जरों का मोरवन, केवड़ों का लुहारिया, दौलतपुर निमड़ी, हाड़ों का मोरवन और बाघपुरा सहित आठ गांवों के 192 किसानों से अफीम की खरीद की गई। उन्होंने बताया कि इस केन्द्र पर भीलवाड़ा डिवीजन के अंतर्गत भीलवाड़ा जिले की मांडलगढ़, कोटड़ी, बिजौलियां और जहाजपुर तथा चित्तौड़गढ़ जिले की बेगूं



और रावतभाटा तहसीलों के किसानों से अफीम खरीदी जाएगी।

तोल केन्द्र प्रभारी सुशील कुमार वर्मा ने बताया कि कुल मिलाकर करीब 300 गांवों के लगभग 6 हजार किसानों की अफीम इस केन्द्र पर खरीदी जानी है। यह खरीद अभियान 22 अप्रैल तक चलेगा। किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए तोल केन्द्र पर छाया, पेयजल, बैठने की व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक प्रबंध किए गए हैं, जिससे उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

इस वर्ष अफीम उत्पादक किसानों के लिए भुगतान प्रणाली में महत्वपूर्ण बदलाव किया गया है। पहले किसानों को उनकी उपज की



90 प्रतिशत राशि तुरंत उनके बैंक खातों में भेज दी जाती थी, जबकि शेष 10 प्रतिशत राशि गुणवत्ता जांच के बाद दी जाती थी। लेकिन अब नई व्यवस्था के तहत किसानों को पूरी राशि एक सप्ताह के भीतर एकमुश्त उनके बैंक खातों में जमा कराई जाएगी। इससे किसानों को आर्थिक रूप से बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

अफीम की खरीद पूरी तरह गुणवत्ता के आधार पर की जा रही है। विभाग द्वारा 850 रुपये से लेकर 3500 रुपये प्रति किलो तक की दर निर्धारित की गई है। तोल केन्द्र पर ही एक अस्थाई प्रयोगशाला स्थापित की गई है, जहां 25 ग्राम सैंपल लेकर अफीम की गुणवत्ता की जांच की जा रही है। जांच के बाद ही अंतिम दर तय की जाती है।

तोल केन्द्र पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। राजस्थान पुलिस के चार सशस्त्र जवानों को तैनात किया गया है, वहीं पूरे परिसर में सीसीटीवी कैमरों की निगरानी रखी जा रही है। तोली गई अफीम को विशेष रूप से तैयार प्लास्टिक के कैन में भरकर सुरक्षित स्थान पर रखा जा रहा है, जिससे किसी प्रकार की अनियमितता न हो।

जिला अफीम अधिकारी रजत ने बताया कि इस बार खरीदी गई अफीम को जांच के लिए नीमच भेजा जाएगा। पहले यह अफीम उत्तर प्रदेश के गाजीपुर भेजी जाती थी, लेकिन अब इस प्रक्रिया में बदलाव किया गया है।


अधिकारियों के अनुसार शुक्रवार को रावतभाटा तहसील के 13 गांवों के 281 किसानों की अफीम की खरीद की जाएगी। इसके साथ ही आगामी दिनों में अन्य गांवों के किसानों से भी निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अफीम खरीदी जाएगी।

## आसींद की बेटी सिमरन सोनी ने बिखेरा कला का जादू

### लिप्पन आर्ट से तैयार की मोर की जीवंत कलाकृति

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद ।**

क्षेत्र की उभरती हुई कलाकार सिमरन सोनी (सुपुत्री शिवराज सोनी) ने अपनी कल्पना और हुनर से एक ऐसी कलाकृति तैयार की है, जो इन दिनों चर्चा का केंद्र बनी हुई है। सिमरन ने पारंपरिक भारतीय लोक कला 'लिप्पन आर्ट' को आधुनिक स्वरूप देते हुए दीवार की सजावट के लिए मोर की एक अनुपम पेंटिंग उकेरी है। कला और आधुनिकता का संगम एक गोलाकार आधार (Circular Base) पर निर्मित इस कलाकृति में मोर के पारंपरिक स्वरूप को आधुनिक शिल्प कला के साथ जोड़ा गया है। मोर के प्राकृतिक नीले और हरे रंगों के साथ सुनहरे (Golden) और चांदी (Silver) जैसे धात्विक रंगों का प्रयोग किया गया है, जो इसे एक राजसी और आकर्षक लुक प्रदान करता है।कलाकृति की भव्यता बढ़ाने के लिए इसमें विभिन्न आकारों के छोटे-छोटे दर्पणों (स्द्धद्दह्लश्चह्यद्य) और बारीक़ मोतियों का इस्तेमाल किया गया है, जो प्रकाश पड़ने पर अद्भुत चमक पैदा करते हैं। यह कलाकृति न केवल एक पेंटिंग है, बल्कि आधुनिक घरों की दीवारों की शोभा बढ़ाने के लिए





एक उत्कृष्ट 'वॉल डेकोर' पीस के रूप में तैयार की गई है। सिमरन सोनी द्वारा तैयार इस मास्टरपीस को सोशल मीडिया पर कला प्रेमियों द्वारा खूब सराहा जा रहा है। उनकी सूक्ष्म कारीगरी और रंगों के चयन ने सभी का मन मोह लिया है। स्वर्णकार समाजजनों और कला जगत से जुड़े लोगों ने सिमरन के इस हुनर की प्रशंसा करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की मंगलकामना की है।

# फुलियाकला पुलिस की बड़ी कार्रवाईः अवैध बजरी खनन पर शिकंजा, डम्पर व कार जब्त

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

अवैध बजरी खनन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत फुलियाकला थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही एक अन्य व्यक्ति को शांति भंग के आरोप में पकड़ा गया है। पुलिस ने मौके से बजरी से भरा एक डम्पर और उसे एस्कॉर्ट कर रही एक हेरियर कार को जब्त किया है।

पुलिस ने कार्रवाई थानाधिकारी राजकुमार नायक के नेतृत्व गठित टीम द्वारा की गई।

पुलिस ने बताया की 1 और 2 अप्रैल की रात गश्त के दौरान पीपलेश्वर तिराहे के पास एक डम्पर अवैध रूप से बजरी परिवहन करते हुए मिला। उसके साथ एक हेरियर कार एस्कॉर्ट कर रही थी। पुलिस ने दोनों वाहनों को रुकवाकर जब्त कर लिया और वाहन चालकों को मौके से गिरफ्तार कर लिया।जप्त वाहनों को थाना परिसर में खड़ा कर माइनिंग विभाग को सूचना दी गई है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

पुलिस ने पप्पू जाट (33) निवासी फूलियाकला और विजय लाल भील (33) निवासी शिवपुरा को गिरफ्तार किया है। वहीं रामराज गोदारा को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया गया।

प्रकरण में डम्पर में बजरी भरने वाले जेसीबी मालिक कल्याण चाड़ा निवासी सनगारी की तलाश जारी है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है ।

# तिलस्वा महादेव मंदिर में हनुमान जयंती पर विशेष पूजा-अर्चना

## चोला चढ़ाकर हवन-अभिषेक, देश-प्रदेश की सुख-शांति की कामना




भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।

**नरेश धाकड़** । तिलस्वा महादेव मंदिर में हनुमान जयंती के अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। इस दौरान हनुमानजी को विधि-विधान से चोला चढ़ाया गया तथा हवन-अभिषेक कर देश-प्रदेश की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की गई। कार्यक्रम में मंदिर ट्रस्ट के सचिव मांगीलाल धाकड़ ने यज्ञ में आहुति दी। आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला और पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा।

# ग्रामीण अंचलों में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया

## मंदिरों में पूजा-अर्चना, भजन संध्या व अखाड़ा प्रदर्शन से गूंजा माहौल

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर



**(सांवर वैष्णव)**। कस्बे सहित आसपास के गांवों सोपुरा जाटों का, सालरिया, ढ़ेलाणा, बड़ला, बनकाखेड़ा, चावंडिया, ककरोलिया माफी, कंवलियास, रेड़वास, कुड़ी, बोरखेड़ा, बोर्डियास, खजीना, खरेड़, पिथास, सोलंकिया का खेड़ा, कांदा रूपाहेली सहित कई गांवों में गुरुवार को हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

गांवों के मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, चोला चढ़ाने, हवन-अभिषेक व भजन संध्या जैसे धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। चावंडिया गांव में मनोकामना पूर्ण हनुमानजी मंदिर पर दिनभर भजन संध्या व बगड़ावत कथा का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालु भक्ति में सराबोर होकर झूमते नजर आए। दोपहर बाद प्रसादी वितरण किया गया। इस दौरान संत बालकदास जी महाराज का भी आगमन हुआ, जिनका भक्तों ने स्वागत किया।

ढ़ेलाणा गांव में जलाभिषेक व दुग्धाभिषेक कर हनुमानजी को चोला चढ़ाया गया तथा लड्डू का भोग अर्पित किया गया। वहीं रेड़वास गांव में विशेष पूजा-अर्चना के साथ दोपहर बाद भव्य अखाड़ा प्रदर्शन आयोजित हुआ। कलाकारों ने आकर्षक करतब दिखाकर दर्शकों को रोमांचित कर दिया। पूरे ग्रामीण क्षेत्र में दिनभर जयकारों के साथ भक्तिमय माहौल बना रहा।

# प्रवेशोत्सव रैली के साथ मेधावी विद्यार्थियों का निकला विजय जुलूस

## सरकारी विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने को लेकर ग्रामीणों को किया प्रेरित

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर



**(सांवर वैष्णव)**। शिक्षा विभाग द्वारा नए शैक्षणिक सत्र के तहत गुरुवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सवाईपुर में प्रवेशोत्सव रैली एवं बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का विजय जुलूस निकाला गया।

रैली विद्यालय से प्रारंभ होकर तेजाजी चौक, तेली मोहल्ला, बड़ा मंदिर, ब्राह्मणों का मोहल्ला, गाड़री मोहल्ला, विद्युत ग्रेड, डसाणियों का खेड़ा हनुमान मंदिर, सोपुरा रोड व मुख्य बस स्टैंड होते हुए पुनः विद्यालय पहुंचकर संपन्न हुई।

प्रधानाचार्या डॉ. प्रतिष्ठा ठाकुर ने बताया कि शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के निर्देशानुसार सरकारी विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने के उद्देश्य से रैली के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया गया। विद्यार्थियों व स्टाफ ने नारों के जरिए अभिभावकों को अपने बच्चों का प्रवेश सरकारी स्कूलों में कराने के लिए प्रेरित किया। साथ ही घर-घर जाकर सर्वे कर योजनाओं व सुविधाओं की जानकारी भी दी जा रही है। इस दौरान 10वीं व 12वीं बोर्ड में विद्यालय में टॉप रहे विद्यार्थियों का माला, साफा व दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया गया तथा उनका विजय जुलूस निकाला गया। रैली में डीजे पर 'सरकारी स्कूल चलो' जैसे नारों के साथ ग्रामीणों ने स्वागत किया। कार्यक्रम में पूर्व सरपंच अमरचंद गाड़री, शांतिलाल आचार्य, श्याम सुंदर श्रोत्रिय सहित जनप्रतिनिधि, विद्यालय स्टाफ व ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# महुआ में हनुमान जन्मोत्सव श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया

भीलवाड़ा फोकस @ महुआ।



कस्बे में हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही श्रद्धा और धूमधाम के साथ मनाया गया। बस स्टैंड स्थित हनुमान जी मंदिर को इस अवसर पर रंग-बिरंगी रोशनी से आकर्षक रूप से सजाया गया।

प्रातःकाल बालाजी महाराज का विधि-विधान से स्नान, अभिषेक कर चोला चढ़ाया गया। इसके पश्चात मंदिर में छप्पन भोग की भव्य झांकी सजाई गई, जिसके दर्शन के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

शाम करीब 4 बजे बालाजी महाराज की गाजे-बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा बस स्टैंड स्थित मंदिर से प्रारंभ होकर कस्बे के मुख्य मार्गों से होती हुई पुनः मंदिर पहुंची।

मंदिर पहुंचने पर बालाजी महाराज की महाआरती उतारी गई तथा छप्पन भोग का प्रसाद श्रद्धालुओं में वितरित किया गया। वहीं रात्रि में भजन संध्या का आयोजन भी किया जाएगा।

# चंवरा हनुमान मंदिर में जन्मोत्सव धूमधाम से, शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब

भीलवाड़ा फोकस @ बडलियास ।

कस्बे के निकट स्थित चंवरा का हनुमान जी मंदिर पर श्री हनुमान जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पूरे क्षेत्र में धार्मिक और भक्तिमय वातावरण बना रहा।

चंवरा का हनुमान जी विकास कमेटी के अध्यक्ष बालूराम अहीर ने बताया कि जन्मोत्सव के अवसर पर चांदगढ़ निवासी रामचंद्र प्रजापत के सानिध्य में दोपहर 12:15 बजे आरती के पश्चात पुजारी प्रहलाद वैष्णव द्वारा भगवान हनुमान को छप्पन भोग अर्पित किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

इससे पूर्व बुधवार रात्रि को विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें भक्तों ने देर रात तक भजनों का आनंद लिया। छप्पन भोग कार्यक्रम में पूर्व प्रधान कोटड़ी विजय सिंह राणावत, पूर्व सरपंच शोभालाल जाट सहित क्षेत्र के अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

गुरुवार को सुरास स्थित हनुमान मंदिर से दोपहर 4 बजे रथ के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा सुरास तेजाजी चौक से प्रारंभ होकर कस्बे के मुख्य मार्गों से होती हुई चंवरा हनुमान मंदिर पहुंची।



इस दौरान डीजे की धुन पर श्रद्धालु नाचते-गाते हुए शामिल हुए और पूरे मार्ग में जयकारों से वातावरण गूंज उठा।

सांयकालीन आरती के समय शोभायात्रा मंदिर पहुंची, जहां भगवान हनुमान को ध्वजा एवं गद्दा अर्पित किया गया।

आयोजन की शुरुआत 1 अप्रैल बुधवार को रात्रि 8 बजे संगीतमय सुंदरकांड पाठ एवं राजभोग के साथ हुई, जिसने पूरे आयोजन को भक्तिमय स्वरूप प्रदान किया।

# बागर के बालाजी व श्री दौलपुरा बालाजी में हनुमान जयंती पर हुए विविध आयोजन

भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर

**( गजानंद जोशी )**

श्री हनुमान जयंती के पावन अवसर पर गुरुवार को क्षेत्र के हनुमान मंदिरों में श्रद्धा और उत्साह का माहौल देखने को मिला। मंदिरों में पूजा-अर्चना के साथ दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का मेला लगा रहा।

बस स्टैंड स्थित बागर के बालाजी मंदिर में संध्या महाआरती का आयोजन किया गया, जिसके पश्चात श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया। मंदिर को फूल-मालाओं से आकर्षक रूप से सजाया गया। वहीं रात्रि में ऑर्गन पैड की धुनों पर संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन हुआ, जिसमें रामायण पाठी, सुंदरकांड पाठी, मानस प्रेमी एवं बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।

इसी क्रम में श्री दौलपुरा बालाजी मंदिर में भी संध्या समय सुंदरकांड पाठ किया गया। इसके बाद महाआरती कर बालाजी महाराज को खीर-मेवा का भोग अर्पित किया गया। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्मलाभ अर्जित किया।



# भागवत समरसता महोत्सव का भव्य समापन, सुदामा चरित्र ने बांधा समां

## मित्रता और सेवा भाव का दिया संदेश, सांवरिया सेठ मंदिर में हुआ विशेष श्रृंगार

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

परम पूज्य माधव गो विज्ञान अनुसंधान संस्थान एवं श्री सांवरिया सेठ मंदिर ट्रस्ट नौगांवा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'भागवत समरसता महोत्सव' का गुरुवार को सुदामा चरित्र की कथा के साथ भव्य समापन हुआ।

माधव गौशाला परिसर में आयोजित कथा के अंतिम दिन जोधपुर के गोवत्स श्री राधाकृष्ण महाराज ने सेवा और आचरण का महत्व बताते हुए कहा कि सच्ची सेवा वही कर सकता है जिसके स्वभाव में सेवा भाव हो। उन्होंने लोभ से दूर रहने और सादगीपूर्ण जीवन जीने का संदेश दिया।






सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए महाराज ने कहा कि सच्ची मित्रता जीवन का सबसे बड़ा संबल होती है। उन्होंने श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता का उदाहरण देते हुए समाज में मैत्री और बंधुभाव बढ़ाने का आह्वान किया। कथा के दौरान नौगांवा स्थित सांवरिया सेठ मंदिर में भगवान का आकर्षक श्रृंगार किया गया, जिसके दर्शन कर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। वहीं हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर पंडित अशोक व्यास के सानिध्य में सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ भी किया गया। कार्यक्रम में संस्थान अध्यक्ष डी.पी. अग्रवाल एवं संयोजक मनीष बहेड़िया ने संत श्री का सम्मान किया। एक बालक द्वारा भेंट किए गए हनुमान और सुदामा संग मिलन का चित्र ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। साथ ही गौशाला गतिविधियों के ब्रोशर का विमोचन एवं पंडित अशोक व्यास का सम्मान किया गया। मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष गोविंद प्रसाद सोडाणी ने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। आयोजन की व्यवस्थाओं में अनेक समाजसेवियों व श्रद्धालुओं का सक्रिय सहयोग रहा।

# हरी शेवा उदासीन आश्रम में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब; हनुमान जन्मोत्सव और बाबा शेवाराम साहेब का मासिक उत्सव सम्पन्न

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

श्री हरी शेवा उदासीन आश्रम सनातन मन्दिर में आज गुरुवार को भक्ति और श्रद्धा का अनूठा संगम देखने को मिला। महामण्डलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन के पावन सानिध्य में आश्रम में हनुमान जन्मोत्सव और परम पूज्य बाबा शेवाराम साहेब जी का मासिक प्राकट्य उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ?हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर सुबह से ही आश्रम में धार्मिक अनुष्ठानों का क्रम शुरू हो गया। विद्वान पंडित सत्यनारायण शर्मा द्वारा श्री हनुमान चालीसा एवं सुन्दरकाण्ड के संगीतमय पाठ किए गए। भक्तिरस से सराबोर इन पाठों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। पूरे मंदिर परिसर में ''राम राम'', 'जय श्री राम' और 'जय हनुमान' के जयघोष गूंजते रहे। चैत्र पूर्णिमा के शुभ अवसर पर आश्रम के संस्थापक परम पूज्य बाबा शेवाराम साहेब जी का मासिक प्राकट्य उत्सव मनाया गया। इस दौरान विशेष सत्संग का आयोजन हुआ, जिसमें महामण्डलेश्वर स्वामी हंसराम महाराज ने बाबा साहेब के जीवन दर्शन और उनकी शिक्षाओं पर प्रकाश डाला। धार्मिक मर्यादाओं के अनुसार हनुमान जयंती के उपलक्ष में बजरंग बली को विशेष 'रोट' का भोग लगाया गया। महाआरती के पश्चात आश्रम में विशाल भण्डारे का आयोजन हुआ, जहाँ हजारों श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर श्रद्धापूर्वक प्रसादी ग्रहण की।



महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन ने कहा कि 'संतों के सानिध्य और भक्ति के मार्ग से ही जीवन में शांति और आनंद की प्राप्ति संभव है। आज का यह आयोजन हनुमान जी की शक्ति और बाबा शेवाराम साहेब के आशीर्वाद का प्रतीक है। हनुमान जयंती के पावन अवसर पर सनातन धर्म और संस्कृति को नई पीढ़ी तक पहुँचाने के लिए श्रद्धालुओं को हनुमान चालीसा और श्रीरामचरितमानस ग्रंथों का वितरण किया गया।

इस दौरान संत मायाराम, राजाराम, गोविंदराम, ब्रह्मचारी मिहिर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु गण उपस्थित थे।



QUICK BITES

## हनुमान जन्मोत्सव पर उमड़ा श्रद्धा का सागर, देव नगर में भक्ति का माहौल

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



मालोला रोड स्थित देव नगर में राजा श्री जबरदस्त बालाजी महाराज के सान्निध्य में हनुमान जन्मोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी और जयकारों से वातावरण गूंज उठा।

इस अवसर पर हनुमानजी का पंचामृत स्नान, दुग्धाभिषेक एवं भव्य श्रृंगार किया गया। अखंड रामायण पाठ के आयोजन से पूरा क्षेत्र भक्तिरस में डूबा रहा। महाआरती के बाद भगवान को खीर का भोग अर्पित कर प्रसाद वितरित किया गया।

आचार्य पंडित कृष्ण बाबूजी महाराज ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव भक्ति, शक्ति और समर्पण का प्रतीक है। मंदिर पुजारी रामानुज दाधीच द्वारा किए गए अलौकिक श्रृंगार ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।

कार्यक्रम में कई विद्वान पंडितों की उपस्थिति रही। पूरा आयोजन आस्था, उत्साह और आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण रहा।

## पत्रकार पर हुए हमले की कड़ी निंदा, जल्द करे दोषियों को गिरफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ हमीरगढ़

बिजोलिया मे बजरी माफिया द्वारा पत्रकार श्याम विजय के साथ मारपीट और लूटपाट के मामले की हमीरगढ़ क्षेत्र के पत्रकारों ने कड़ी निदा की, बिजोलिया पुलिस और जिला एसपी से मांग की दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे, जल्द आरोपीयों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो उग्र आंदोलन करेंगे, लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ पर हुए हमले की कड़ी निदा की गई, सीनियर पत्रकार श्याम गुर्जर, राघव सोमानी, मुकेश खटीक, अलाउद्दीन, राजाराम वैष्णव, बाबू ओझा अन्य पत्रकारों ने जल्द आरोपीयों की गिरफ्तारी की मांग की,

## प्राज्ञ युवा मंडल की पहल, 6 स्थानों पर जल सरिताएं शुरू

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।




भीषण गर्मी को देखते हुए श्री प्राज्ञ युवा मंडल ने शहर में 6 स्थानों पर जल सरिताओं की शुरुआत कर मानवता की मिसाल पेश की है। इस पहल से राहगीरों, श्रमिकों और आमजन को ठंडा व स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सकेगा।

मंत्री मनीष सेठी ने बताया कि स्टेशन रोड, मुरली विलास रोड, सूचना केंद्र, लव गार्डन रोड, पीएनटी चौराहा और बाजार नंबर 2 पर जल सरिताएं संचालित की जा रही हैं। अध्यक्ष पदम डांगी ने कहा कि प्रत्येक जल सरिता का संचालन मंडल के सदस्यों द्वारा किया जाएगा और स्वच्छता व नियमित पानी की व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाएगा।

कार्यक्रम में उपस्थित जनों ने जल संरक्षण का संदेश देते हुए पानी बचाने की अपील की। अंत में मंडल के सदस्यों ने भविष्य में भी ऐसे जनसेवा कार्य जारी रखने का संकल्प लिया।

भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com

वेब: www.bhilwarafocus.com

# हनुमान जयंती पर 1100 किलो काजूकतली का महाभोग, महाआरती में उमड़े श्रद्धालु

## संकटमोचन हनुमान मंदिर में भक्ति का सैलाब, जयकारों से गूंजा माहौल

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



भगवान श्रीराम के अनन्य भक्त श्री हनुमानजी महाराज का जन्मोत्सव गुरुवार को शहर के मुख्य डाकघर के समीप स्थित श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर में श्रद्धा, उत्साह और भक्ति भावना के साथ धूमधाम से मनाया गया।

हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर प्रातःकाल हनुमानजी महाराज की प्रतिमा को स्वर्ण चोला चढ़ाया गया। दोपहर 12:15 बजे आयोजित महाआरती में शामिल होने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। महाआरती मंदिर के महंत बाबूगिरीजी महाराज द्वारा संपन्न कराई गई।

महाआरती के पश्चात हनुमानजी महाराज को 1100 किलो केसरयुक्त काजूकतली का भव्य महाभोग अर्पित किया गया। भक्तिमय वातावरण में बाल हनुमान का स्वरूप धारण किए एक बालक के हाथों 11 किलो का केक भी कटवाया गया, जिससे जन्मोत्सव का उल्लास और बढ़ गया। इस दौरान मंदिर परिसर 'जय श्रीराम' और 'जय हनुमान' के जयकारों से गूंज उठा।

कार्यक्रम में भीलवाड़ा विधायक अशोक कोठारी, श्री शिव महापुराण कथा आयोजन समिति के कार्याध्यक्ष राधेश्याम सोमानी, सुनील जागेटिया, गजानंद बजाज सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

मंदिर ट्रस्टी महावीर प्रसाद अग्रवाल एवं रमेश बंसल ने बताया कि महाआरती से पूर्व ही मंदिर परिसर में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गई थीं। महाभोग के बाद काजूकतली का प्रसाद वितरण किया गया, जिसके लिए अलग-अलग व्यवस्थाएं की गईं ताकि किसी भी श्रद्धालु को असुविधा न हो।

हनुमान जयंती महोत्सव के अवसर पर मंदिर को आकर्षक फूलों की सजावट और भव्य रोशनी से सजाया गया, जिससे पूरा परिसर दिव्य आभा से आलोकित नजर आया।

### सुंदरकांड पाठ से बंधा भक्ति का समां

हनुमान जयंती आयोजन के तहत शनिवार रात मंदिर परिसर के बाहर श्री बालाजी सत्संग मंडल के एस.के. खंडेलवाल एवं साथियों द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ की प्रस्तुति दी गई। महंत बाबूगिरीजी महाराज के सानिध्य में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर सुंदरकांड का श्रवण किया। कार्यक्रम का संचालन पंडित अशोक व्यास ने किया।

# सीबीईओ कार्यालय का घेराव, शिक्षकों का फूटा गुस्सा, वेतन-पेंशन अटकी तो भड़का आक्रोश

## 'भ्रष्टाचार की बू' का आरोप, सुनाई खरी-खोटी, सेवा पुस्तिका व नियमितीकरण पर उठे सवाल

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।

मूलचन्द पेसवानी



शहर के शिक्षा जगत में गुरुवार को उस वक्त हलचल मच गई, जब प्रदेश में सत्तारूढ़ भाजपा सरकार के मातृ संगठन आरएसएस की विचारधारा से जुड़े अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ (विद्यालयी शिक्षा) के बैनर तले सैकड़ों शिक्षकों ने एकजुट होकर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी (सीबीईओ) कार्यालय का जोरदार घेराव कर दिया। जिला अध्यक्ष महेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में पहुंचे शिक्षकों ने न केवल अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद की, बल्कि सीबीईओ गीता माहेश्वरी के खिलाफ जमकर नाराजगी भी जाहिर की।

घेराव के दौरान माहौल पूरी तरह गर्म नजर आया। शिक्षकों के तेवर इतने तीखे थे कि जिला अध्यक्ष शर्मा ने सीबीईओ को लेकर खुलकर नाराजगी जताते हुए खरी-खोटी तक सुना डाली। शिक्षकों का आरोप था कि विभागीय उदासीनता के चलते लंबे समय से उनकी जायज मांगें अटकी हुई हैं, जिससे उनमें गहरा आक्रोश पनप रहा है।

खंड अध्यक्ष अमर सिंह चौहान ने स्थिति को विस्तार से रखते हुए बताया कि पीईईओ क्षेत्रों के कार्मिकों का स्थायीकरण हुए छह माह से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन आज तक उनका वेतन नियमित नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि यह स्थिति शिक्षकों के साथ अन्याय के समान है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति पर सीधा असर पड़ रहा है। इतना ही नहीं, सेवानिवृत्त होने वाले कार्मिकों के पेंशन प्रकरणों को भी अनावश्यक रूप से कार्यालय में रोके रखने का आरोप लगाया गया। चौहान ने तीखे शब्दों में कहा कि 'इन प्रकरणों को लटकाने से साफ तौर पर भ्रष्टाचार की बू आती है।' उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन और उग्र रूप ले सकता है।


शिक्षकों ने पंचायत शिक्षकों और संविदा कार्मिकों की समस्याओं को भी प्रमुखता से उठाया। उनका कहना था कि तीन-तीन साल बीत जाने के बावजूद उनकी सेवा पुस्तिकाएं तैयार नहीं की गई हैं। इतना ही नहीं, वर्ष में एक बार भी सेवा पुस्तिका नहीं दिखाने से पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। इस लापरवाही से कर्मचारियों का भविष्य अधर में लटकता नजर आ रहा है।

प्रदर्शन के दौरान शिक्षकों ने अपनी मांगों को लेकर एक ज्ञापन भी सौंपा, जिसमें वेतन नियमितीकरण, पेंशन प्रकरणों का त्वरित निस्तारण, सेवा पुस्तिका निर्माण और पारदर्शिता सुनिश्चित करने जैसी मांगें प्रमुख रूप से शामिल थीं। इस मौके पर संगठन के जिला कोषाध्यक्ष मुकेश कुमावत, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रशांत चौधरी, जिला महिला मंत्री चन्दा सुवालका, जिला मीडिया प्रभारी हनुमान प्रसाद शर्मा, नयन बुला, सभाध्यक्ष मोहन लाल कोली, नवरत्नमल बगड़िया, शांति धाबाई, पंकज सोनगरा, मुकेश प्रजापत, सीताराम चौधरी सहित सैकड़ों शिक्षक और कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में अपनी मांगों को दोहराते हुए जल्द समाधान की मांग की।

हालांकि इस पूरे घटनाक्रम के बीच सीबीईओ गीता माहेश्वरी का पक्ष सामने नहीं आ सका। पत्रकारों ने कार्यालय पहुंचकर उनका पक्ष जानने का प्रयास किया, लेकिन उनके मौजूद नहीं होने के कारण संपर्क नहीं हो पाया। ऐसे में अब सभी की नजरें प्रशासन की आगामी कार्रवाई पर टिकी हैं कि आखिर शिक्षकों की इन ज्वलंत समस्याओं का समाधान कब तक होता है।

# 20 साल बाद पूरी हुई मनोकामना: रामकन्या देवी ने ठाकुरजी को दामाद बनाकर रचाया तुलसी विवाह

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी।



आस्था, श्रद्धा और भावनाओं से जुड़ा एक अनूठा आयोजन गुरुवार को ककरोलिया घाटी में देखने को मिला, जहां बड़े चारभुजानाथ मंदिर से ठाकुरजी गाजे-बाजे के साथ रथ में सवार होकर तुलसी विवाह के लिए पहुंचे।इस विशेष आयोजन की आयोजक रामकन्या देवी सुथार रहीं, जिनकी जीवन कहानी इस आयोजन को और भी भावुक बना देती है। करीब 20 वर्ष पूर्व उनके पति का निधन हो गया था और उनकी कोई संतान भी नहीं है। ऐसे में उन्होंने वर्षों से ठाकुरजी को अपना दामाद बनाने की मनोकामना संजो रखी थी।गुरुवार को उनकी यह वर्षों पुरानी इच्छा साकार हुई, जब ककरोलिया घाटी स्थित बड़े चारभुजानाथ मंदिर से ठाकुरजी पूरे विधि-विधान और धूमधाम के साथ रथ में सवार होकर विवाह स्थल पर पहुंचे। गाजे-बाजे, भजन-कीर्तन और श्रद्धालुओं की मौजूदगी ने माहौल को भक्तिमय बना दिया।इस दौरान बारात में सवाईराम जाट, लादूलाल सेन, मंदरूफ़ रायका,सीताराम कुम्हार, भवँर सुथार ,भेरू लाल जाट, ओम प्रकाश दास, पुजारी संजय वैष्णव, दिनेश वैष्णव, सुमित्रा जाट, मांगी वैष्णव, फुला जाट सहित पूरे गांव के लोग शामिल हुए। वहीं बारात के स्वागत में लादूलाल सुथार, गोपाल सुथार, भेरू लाल सुथार, देवेंद्र सुथार और देवकिशन सुथार सहित ग्रामीणों ने गर्मजोशी से अगवानी की।तुलसी विवाह की रस्में पूरे पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हुईं, जहां रामकन्या देवी ने पूरे हर्षोल्लास के साथ इस आयोजन को सम्पन्न कराया। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बना, बल्कि एक महिला की वर्षों पुरानी भावनात्मक इच्छा के पूर्ण होने का भी साक्षी रहा।

# सरकारी योजनाओं से बदली जिंदगी: निम्बाहेड़ा खुर्द की प्रेम देवी बनीं 'लखपति दीदी'

## स्वयं सहायता समूह से जुड़कर पशुपालन, सिलाई व कृषि से सालाना 10 लाख से अधिक आय

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।,



ग्रामीण आजीविका मिशन की योजनाओं का लाभ उठाकर बनेड़ा ब्लॉक के ग्राम निम्बाहेड़ा खुर्द की प्रेम देवी गुर्जर आज 'लखपति दीदी' के रूप में उभरी हैं। स्वयं सहायता समूह से जुड़ने के बाद उन्हें वित्तीय सहायता, प्रशिक्षण और मार्गदर्शन मिला, जिससे उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आया।

प्रेम देवी 'गमटी वाले बाबा' स्वयं सहायता समूह से जुड़ी हैं। बैंक लिंकेज के तहत ऋण प्राप्त कर उन्होंने पशुपालन शुरू किया। वर्तमान में उनके पास 6 गायें व 10-12 भैंसें हैं, जिनसे उन्हें प्रतिमाह 10 से 12 हजार रुपये की आय हो रही है। इसके साथ ही उन्होंने अपनी बेटी के लिए सिलाई सेंटर शुरू कराया, जिससे हर माह 15 से 20 हजार रुपये की आय के साथ स्थानीय महिलाओं को प्रशिक्षण भी मिल रहा है। उनके पति ट्रक चालक के रूप में 40 से 50 हजार रुपये प्रतिमाह कमाते हैं, वहीं कृषि से भी प्रति सीजन 1.5 से 2 लाख रुपये तक की आय होती है।

आज प्रेम देवी का परिवार विभिन्न आय स्रोतों के माध्यम से सालाना 10 लाख रुपये से अधिक कमा रहा है। वे अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा बनकर उभरी हैं। प्रेम देवी भविष्य में पशुपालन व कृषि का विस्तार करने के साथ सिलाई सेंटर को विकसित कर अधिक महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराने की योजना बना रही हैं।

# भीलवाड़ा की उड़ान को संसद से मिली रफ्तार, हमीरगढ़ एयरस्ट्रिप पर फिर जगी उम्मीदें

## भीलवाड़ा को मिलेगी हवाई उड़ान की सौगात! सांसद दामोदर अग्रवाल ने शून्यकाल में उठाया बड़ा मुद्दा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

**मूलचन्द पेसवानी**



लंबे समय से हवाई कनेक्टिविटी का इंतजार कर रहे भीलवाड़ा जिले के लिए अब बड़ी खबर सामने आई है। हमीरगढ़ हवाई पट्टी के विकास और यहां से देश के प्रमुख महानगरों दिल्ली, मुंबई और अहमदाबाद के लिए नियमित उड़ानें शुरू करने की मांग अब संसद के पटल तक पहुंच चुकी है। भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल ने आज लोकसभा के शून्यकाल में इस अहम मुद्दे को जोरदार तरीके से उठाकर क्षेत्रवासियों की उम्मीदों को नई उड़ान दे दी है।

सांसद अग्रवाल ने क्षेत्रीय उड़ान योजना के तहत हमीरगढ़ एयरस्ट्रिप से हवाई सेवाएं शुरू करने की पैरवी करते हुए कहा कि यदि यहां से नियमित उड़ानें शुरू होती हैं, तो भीलवाड़ा ही नहीं बल्कि आसपास के इलाकों को भी औद्योगिक, व्यापारिक और पर्यटन गतिविधियों में जबरदस्त गति मिलेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि सस्ती और सुलभ हवाई सेवा आमजन के लिए वरदान साबित होगी।

सांसद प्रवक्ता विनोद झुरानी के अनुसार, अग्रवाल ने सदन में यह भी बताया कि यह मांग कोई नई नहीं है। चुनाव के दौरान जनता से किए गए वादे के अनुरूप उन्होंने संसद में निर्वाचित होते ही इस मुद्दे को सरकार के सामने रखा था। सरकार का रुख भी इस दिशा में सकारात्मक बताया जा रहा है, लेकिन अब तक किसी एयरलाइंस कंपनी ने हमीरगढ़ से उड़ान संचालन में रुचि नहीं दिखाने के कारण यह योजना अटकी हुई है। हालांकि, सांसद अग्रवाल ने भरोसा दिलाया है कि वे लगातार इस दिशा में प्रयासरत हैं और केंद्र सरकार के माध्यम से एयरलाइंस कंपनियों से संवाद कर रहे हैं, ताकि जल्द से जल्द भीलवाड़ा को हवाई सेवाओं से जोड़ा जा सके। स्थानीय लोगों और व्यापारिक संगठनों में इस खबर को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। उनका मानना है कि यदि हमीरगढ़ से दिल्ली, मुंबई और अहमदाबाद के लिए सीधी उड़ानें शुरू हो जाती हैं, तो भीलवाड़ा की पहचान राष्ट्रीय स्तर पर और मजबूत होगी। साथ ही निवेश के नए अवसर भी खुलेंगे और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

भीलवाड़ा की आवाज जब संसद में गूंजी, तो यह केवल एक मांग नहीं बल्कि क्षेत्र के विकास की नई पटकथा लिखने की शुरुआत मानी जा रही है। अब सबकी नजरें इस पर टिकी हैं कि यह पहल कब धरातल पर उतरती है और भीलवाड़ा की उड़ान कब सच में आसमान छूती है।

# 'हनुमान जन्मोत्सव पर शोक्या खेड़ा में उमड़ी अपार भीड़, भजन संध्या, नृत्य और जुलूस के साथ दो दिन तक चला भव्य आयोजन '

**भीलवाड़ा फोकस @ सावर**



क्षेत्र के निकटवर्ती ग्राम शोक्या खेड़ा स्थित सागर के हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। आयोजन के दौरान पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना रहा और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।कार्यक्रम के प्रथम दिन बुधवार रात्रि बजरंग नवयुवक मंडल के तत्वावधान में विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया। भजन संध्या का शुभारंभ गणेश वंदना से हुआ, जिसके बाद देर रात तक भक्ति रस की सरिता बहती रही।

भजन संध्या में बाहर से पधारे सुप्रसिद्ध कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। गायक सीताराम लाकड़ा ने गायिका सोनम गुजरी के साथ 'जय बजरंग बली, संकट हरन मंगलकारी...' जैसे भजनों की भावपूर्ण प्रस्तुति दी, जिससे पूरा पंडाल भक्तिरस में सराबोर हो गया।इस दौरान नृत्यांगना आशा मीणा एवं पलक राजस्थानी ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम में रंग भर दिया, वहीं कॉमेडियन मुकेश छैला ने अपनी हास्य प्रस्तुति से दर्शकों को खूब गुदगुदाया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में कांग्रेस नेता शैलेन्द्र सिंह शक्तावत एवं मुख्य अतिथि के रूप में युवा कांग्रेस नेता सांवर मल मीणा मौजूद रहे। इस अवसर पर शक्तावत ने 11,000 रुपये तथा सांवर मल मीणा ने 5,100 रुपये की सहयोग राशि बजरंग नवयुवक मंडल को भेंट की।

आयोजन बजरंग नवयुवक मंडल एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। भजन संध्या के दौरान 'जय श्री राम' एवं 'जय बजरंग बली' के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा।

कार्यक्रम में ध्वनि व्यवस्था अंबिका साउंड सिस्टम, जहाजपुर द्वारा की गई, जबकि हाड़ौती ब्रदर्स के माध्यम से लाइव प्रसारण किया गया।

दूसरे दिन गुरुवार को मंदिर परिसर में केक काटकर उत्सव मनाया गया, जिसके बाद डीजे की धुन पर भव्य जुलूस निकाला गया। जुलूस गांव के विभिन्न मार्गों से होते हुए पुनः मंदिर पहुंचकर संपन्न हुआ।

दो दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन गुरुदेव रामप्रिय दास महाराज (वृंदावन) के सानिध्य में संपन्न हुआ।

# विधायक कोठारी ने जिला कलेक्टर के साथ गांधीसागर से सांगानेर नदी तक नाले का लिया जायजा, मौके पर सफाई कार्य शुरू





**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुए शहर की जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त और सुव्यवस्थित करने के उद्देश्य से भीलवाड़ा विधायक अशोक कुमार कोठारी ने शहर के विभिन्न प्रमुख नालों का निरीक्षण किया। इस क्रम में आज जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू व नगर निगम आयुक्त हेमा राम चौधरी के साथ गांधीसागर से ट्रीटमेंट प्लांट होते हुए सांगानेर नदी तक जाने वाले नाले का मौके पर निरीक्षण किया गया, जहां जल निकासी मार्ग में अवरोध और सफाई की आवश्यकता को देखते हुए निगम अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए तथा मौके पर ही जेसीबी मशीन लगाकर नाले की सफाई कार्य प्रारंभ कराया गया।

निरीक्षण के दौरान विधायक कोठारी ने सांगानेर गेट नाला, जैन ज्योति नगर का नाला, मोती बावजी के समीप नाले का भी जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को कार्ययोजना बनाकर सफाई, मरम्मत एवं आवश्यक सुधार कार्य समय रहते पूर्ण करने के निर्देश दिए। विधायक कोठारी ने कहा कि मानसून से पहले नालों की नियमित सफाई, रखरखाव और मरम्मत कार्य पूरा होना अत्यंत आवश्यक है, ताकि वर्षा के दौरान शहरवासियों को जलभराव, गंदगी और आवागमन में बाधा जैसी समस्याओं का सामना न करना पड़े।

जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जहां-जहां जल निकासी मार्ग बाधित है, वहां तत्काल प्रभाव से अवरोध हटाकर प्रभावी एवं स्थायी जल निकासी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि वर्षा ऋतु में आमजन को राहत मिल सके और शहरी क्षेत्रों में जलभराव की समस्या पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके।

इस दौरान विधायक कोठारी के साथ एडवोकेट अर्पित कोठारी, गजेन्द्र सिंह राठौड़, संजय राठी, मनोज भारद्वाज, राहुल नायक आदि उपस्थित थे।

# आरयूआईडीपी परियोजना की जानकारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को किया जागरूक

## स्वच्छता, कचरा प्रबंधन व एफएसटीपी प्रक्रिया पर दी विस्तृत जानकारी

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा ।**



राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना के तहत सामुदायिक जागरूकता एवं जन सहभागिता कार्यक्रम आयोजित कर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को परियोजना से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई।

महिला एवं बाल विकास विभाग परिसर में आयोजित कार्यक्रम में सहायक सामाजिक विकास एवं जेंडर सपोर्ट महेंद्र सिंह राणावत ने बताया कि घरों के सेप्टिक टैंकों से निकलने वाले मलजल को एकत्र कर जहाजपुर रोड स्थित निर्माणाधीन एफएसटीपी प्लांट में ले जाकर उसका उपचार किया जाएगा। इससे गंदगी से निजात मिलेगी और वातावरण स्वच्छ बना रहेगा।

कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को गीले व सूखे कचरे को अलग-अलग रखने, कचरा नगर पालिका की गाड़ी में ही डालने तथा स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान नगर पालिका के प्रह्लाद गुलपारिया, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर आईशा खान सहित शहर की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने सहभागिता निभाई।

QUICK BITES

## हनुमान जयंती महोत्सव के तहत विशाल भंडारा आयोजित , छप्पन भोग लगाया

**भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद ।**



हनुमान जयंती महोत्सव के तहत् स्थानीय बालाजी के चौक एवं नृसिंह द्वारा बालाजी मंदिर परिसर में आस्था से धार्मिक आयोजन समस्त ग्रामवासियों की ओर से किए गए।

स्थानीय बालाजी चौक के बालाजी मंदिर पर भव्य आकर्षक विधुत रोशनी,महा आरती आदि के आयोजन हुए। नृसिंह द्वारा बालाजी मंदिर पर विशाल भंडारा, छप्पन भोग दर्शन दिनभर रहा। सायंकाल सुन्दरकाण्ड पाठ, महाआरती की गयी तथा भव्य आकर्षक आतिशबाजी की गई।तथा आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। श्रीनृसिंह द्वारा बालाजी परिवार एवं ग्राम वासियों द्वारा आयोजित ?हनुमान जन्मोत्सव के सुनहरे पल यादगार बने।

## पत्रकार पर हमले के विरोध में रोष


**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला ।**

बिजौलिया कस्बे में पत्रकार श्याम विजय पर बुधवार रात हुए हमले को आकोला कस्बे सहित आसपास क्षेत्र के पत्रकारों ने कड़े शब्दों में निंदा की है। घटना को लेकर पत्रकारों में आक्रोश देखा गया।

पत्रकार जसवंत पारीक, दिनेश पाराशर, रमेश चंद्र डाड और रामलाल जाट, महावीर वैष्णव, महावीर सेन सहित अन्य पत्रकारों ने प्रशासन से मांग की है कि आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि पत्रकारों पर हमले लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर सीधा प्रहार हैं, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## निशा कँवर गौड़ उपभोक्ता कल्याण समिति राजस्थान की युवा महिला प्रदेशाध्यक्ष मनोनीत

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



उपभोक्ता कल्याण समिति राजस्थान के युवा प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार पारीक की सहमति से प्रदेशाध्यक्ष एडवोकेट अशोक जैन व प्रदेश महामंत्री जितेंद्र कुमार मारू ने निशा कँवर गौड़ को उपभोक्ता कल्याण समिति राजस्थान की महिला युवा प्रदेशाध्यक्ष मनोनीत किया है।

## हनुमान जयंती पर भव्य शोभायात्रा, 40 गांव चौखला के ग्रामीणों ने लिया भाग, पहलवानों ने अखाड़ा प्रदर्शन किया

**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला।**



कस्बे में हनुमान जयंती के अवसर पर गुरुवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें 40 गांव चौखला के ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शोभायात्रा में श्रद्धालु 'जय श्रीराम, जय हनुमान' और 'वीर बजरंग बली की जय' के जयघोष लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे।


शोभायात्रा में ऊंट, घोड़े और पालकी विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। वहीं बीगोद के गुरु गोविंद सिंह के सानिध्य में काछोला व बीगोद के पहलवानों द्वारा अखाड़ा प्रदर्शन किया गया, जिसमें हैरतअंगेज करतब दिखाकर दर्शकों को रोमांचित कर दिया।

कार्यक्रम की खास बात यह रही कि बेटियों ने भी अखाड़ा प्रदर्शन कर शानदार और साहसिक करतब प्रस्तुत किए, जिसे लोगों ने खूब सराहा।

आगंतुकों का स्वागत बजरंग व्यायामशाला एवं ग्रामवासियों द्वारा किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## हनुमान जयंती पर विशेष आयोजन आयोजित, हनुमान जी को धराया छप्पन भोग

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला।**





**जसवंत पारीक** आकोला स्थित हनुमान मंदिर पर गुरुवार को श्री हनुमान जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर जोशी मौहल्ला स्थित बालाजी मंदिर पर बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। जन्मोत्सव पर श्री राम सेवा मंडल द्वारा बुधवार को प्रातः8.15 बजे मंदिर में अखंड रामायण पाठ स्थापना की गई वही गुरुवार को प्रातः6.15 बजे भगवान हनुमानजी का पंचामृत से अभिषेक किया गया इसके बाद प्रातः 8.15 बजे हवन आह्वान किया गया। और भगवान को विशेष चोला धारण करवाया गया इसके बाद छप्पन भोग का भोग भगवान को धराया गया दोपहर 12.15 बजे छप्पन भोग को दर्शन के लिए रखा गया इसके बाद महाआरती की गई और प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान रामप्रकाश दास जी महाराज रघुनाथद्वारा , चंद्रमादास जी पुजारी शिवालय आकोला,सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कम्प्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।